www.prepp.in

10/PV–AC/M–2024

Booklet Series **E**

Serial No. 6137542

Candidate's Roll Number 830210

Prepp Your Personal Exams Guide

Question Booklet

# LANGUAGE AND GENERAL STUDIES

**Time Allowed : 2:30 Hours** | **Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into two Parts, **Part – I** and **Part – II**. **Part – I** contains Questions of **Language (Qualifying)** and **Part – II** contains questions of **General Studies. Part – I** contains questions of **English Language** which are common for all the candidates and questions of three languages – Hindi Language, Urdu Language and Bengali Language. **Choose the question from any one Language out of three Languages.**
2. **Part** – **I** consists of Question Nos. **1** to **30.** In Part–I, **English Language** consists of Question Nos. **E-1** to **E-8** (common for all), **Hindi Language** consists of Question Nos. **H-9** to **H-30**, **Urdu Language** consists of Question Nos. **U-9** to **U-30** and **Bengali Language** consists of Question Nos. **B-9** to **B-30**. **Part – II** consists of Question Nos. **31** to **150** of **General Studies**. (The questions and their responses are printed in English and Hindi versions both.)
3. **All** questions carry equal marks.
4. An Answer Sheet has been supplied inside the question booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
5. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Booklet contains 56 printed pages including two pages (Page Nos. 54 and 55) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or question booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Booklet and attached answer sheet, get it replaced immediately by a complete Booklet with OMR sheet of the same series.**
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Question and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of five responses — (A), (B), (C), (D) and (E). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
8. In the Answer Sheet, there are **five** circles — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है ।

SEAL

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PART – I
## ( LANGUAGE )

**Directions (Q. Nos. E-1 – E-5) :** Read the passage given below and on the basis of the passage, answer the questions that follow.

People are always communicating, verbally and non-verbally. Research shows that only seven percent of communication is through words. The rest of the communication process takes place through body language, eye contact and the various signals words cannot convey. A person should be sensitive enough to understand as to how the communication is being received and processed. All communication should be sensitive to eye movement, posture and gesture, skin colour, breathing rate and facial expression to be understood completely.

**E-1.** Words communicate just ______ per cent.

(A) seventy
(B) seven
(C) hundred
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-2.** These are some nouns from the passage

(A) body, person
(B) should, through
(C) being, how
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-3.** Communication must include

(A) eye movement
(B) breathing rate
(C) body language
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-4.** Which are the two kinds of communication ?

(A) Verbal and non-verbal
(B) Posture and gesture
(C) Spoken and written
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-5.** The passage is about

(A) Disadvantages of words
(B) Nature of communication
(C) Communication failure
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**Directions (Q. Nos. E-6 – E-8) :** Fill in the blanks.

**E-6.** Had we ______ punctual, we would have ______ the train.

(A) been, caught
(B) were, boarded
(C) are, got
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-7.** You can't ______ with other people.

(A) arguing
(B) shouted
(C) quarreling
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-8.** Since she is a ______, she has to talk a lot.

(A) jockey
(B) cook
(C) radio jockey
(D) More than one of the above
(E) None of the above



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## ( Hindi Language )

**निर्देश (प्र. सं. H-9 से H-14 तक) :** इस खंड में नीचे दिए गए गद्यांश से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिये।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण परम आवश्यक है। जिस प्रकार वर्तमान में भौतिक निर्माण का कार्य अनेक योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति के साथ संपन्न हो रहा है, वैसे ही वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि देशवासियों के चरित्र निर्माण के लिए भी प्रयत्न किया जाए। उत्तम चरित्रवान व्यक्ति ही राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है। जनतंत्र के लिए जो यह एक महान कल्याणकारी योजना है। जन-समाज में राष्ट्र, संस्कृति, समाज एवं परिवार के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है इसका पूर्ण रूप से बोध कराना एवं राष्ट्र में व्याप्त समग्र भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण का निर्माण करना ही चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान है।

पाश्चात्य शिक्षा और संस्कृति के प्रभाव से आज हमारे मस्तिष्क में भारतीयता के प्रति हीन भावना उत्पन्न हो गई है। चरित्र निर्माण, जो कि बाल्यावस्था व्यवस्था से ही ऋषिकुल, गुरुकुल, आचार्यकुल की शिक्षा के द्वारा प्राचीन समय से किया जाता था, आज की लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति से संचालित स्कूलों एवं कॉलेजों के लिए एक हास्यास्पद विषय बन गया है। आज यदि कोई पुरातन संस्कारी विद्यार्थी संध्यावंदन या शिखा-सूत्र रखकर भारतीय संस्कृतिमय में जीवन बिताता है, तो अन्य छात्र उसे 'बुद्ध' या अप्रगतिशील कहकर उसका मजाक उड़ाते हैं। आज हम अपने भारतीय आदर्शों का परित्याग करके पश्चिम के अंधानुकरण को प्रगति मान बैठे हैं। इसका घातक परिणाम चरित्र दोष के रूप में आज देश में सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है।

**H-9.** जनतंत्र के लिए लाभकारी हो सकते हैं

(A) निष्ठावान श्रमिक

(B) शक्तिशाली सिपाही

(C) उत्तम चरित्रवान व्यक्ति

(D) धनवान व्यक्ति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

**H-10.** राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है

(A) स्वार्थी व्यक्ति

(B) लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति

(C) पाश्चात्य संस्कृति

(D) चरित्रवान व्यक्ति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-11.** अप्रगतिशील रूप में मजाक उड़ाया जाता है, जो

(A) पाश्चात्य संस्कृति को हृदय से अपनाता है

(B) भारतीय संस्कृतिमय जीवन बिताता है

(C) धार्मिक वातावरण में जीवन बिताता है

(D) सत्संग में अधिक समय नहीं बिताता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-12.** चरित्र निर्माण की परम आवश्यकता है

(A) समाजोपयोगी कार्यों के लिए

(B) मानवमात्र के कल्याण के लिए

(C) राष्ट्र की योजनाओं के संचालन के लिए

(D) राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-13.** उन्नत राष्ट्र के लिए विकास का प्रथम सोपान है

(A) भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण

(B) चरित्र निर्माण के शैक्षणिक वातावरण

(C) राजनीति के कुशल दाँव-पेंच

(D) जनता में साम्प्रदायिक सद्भाव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-14.** भारतीयता के प्रति हीन भावना का कारण है

(A) पुरातन संस्कारी संस्कृतिमय जीवन

(B) वर्तमान वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति

(C) प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति

(D) लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्र. सं. H-15 से H-20 तक) :** इस खंड में नीचे दिए गए गद्यांश से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं । सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिये ।

विकास क्रम में पशुता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और मनुष्यता हमारे युग-युगांतर के अनवरत अध्यवसाय से अर्जित अमूल्य निधि । इसी से हम अपने पूर्व स्वप्न के लिए, सामंजस्यपूर्ण आदर्श के लिए और उदात्त भावनाओं के लिए प्राण की बाजी लगाते रहे हैं । जब हम से ऐसा करने की शक्ति शेष नहीं रह जाती तब हम एक मिथ्या दम्भ के साथ पशुता



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

की ओर लौट चलते हैं क्योंकि वहाँ पहुँचने के लिए न किसी पराक्रम की आवश्यकता है और न साधन की । हम अपने शरीर को निश्चेष्ट छोड़कर हिमालय के शिखर से पाताल की गहराई तक सहज ही लुढ़कते चले आ सकते हैं । परंतु उसे ऊंचाई के सहस्र अंशो तक पहुँचने में हमारे पाँव काँपने लगेंगे, साँस फूलने लगेगी और आँखों के सामने अंधेरा छा जाएगा ।

**H-15.** मनुष्य पशुता की ओर कब लौटता है ?

(A) जब वह मनुष्यता का आदर्श भूल जाता है

(B) जब बस स्वप्न देखना बंद कर देता है

(C) जब वह जीवन में सामंजस्य की स्थापना के लिए प्रयास छोड़ देता है

(D) जब वह मिथ्या दम्भ से भर जाता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-16.** मनुष्य मिथ्या दम्भ के साथ पशुता की ओर लौट चलते हैं

(A) जब सृजनात्मक कार्य करने की शक्ति नहीं रहती

(B) जब ऊर्जा सक्रिय हो

(C) जब कोई पराक्रमी हो

(D) जब स्वार्थ वृति हो

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-17.** पूरे अवतरण का सारांश है कि

(A) मनुष्य, पशुता से बढ़कर है

(B) मनुष्य को चाहिए कि वह पशुता के पीछे छोड़कर मनुष्यता के लिए प्रयास करें

(C) अवनति की ओर जाना उन्नति की ओर जाने से आसान है

(D) मनुष्यता, मनुष्य की सतत साधना का प्रतीक है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-18.** प्रारम्भ में मुद्रित अंश का आशय है कि

(A) मनुष्यता मनुष्य की अमूल्य निधि है

(B) विकास क्रम का नतीजा है कि हम पशु से मनुष्य बन गए

(C) जन्म से पशु और मनुष्य में कोई अंतर नहीं है

(D) युगांतर की साधना से मनुष्य पशुता से ऊपर उठकर मनुष्यता के गुण प्राप्त कर सकता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-19.** अंतिम वाक्य में जो मुद्रित है, लेखक कहना चाहता है कि

(A) मनुष्यता का अर्जुन हिमालय पर चढ़ने जैसा कठिन है

(B) मनुष्यता से पतित होना पाताल में गिरने जैसा आसान है

(C) मनुष्यता प्राप्त करने में मनुष्य के पैर काँपने लगते हैं

(D) मनुष्य की आँखों के आगे अंधेरा छा जाता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**H-20.** अवतरण का उपर्युक्त शीर्षक होगा

(A) मनुष्यता की प्राप्ति

(B) मानव जीवन का लक्ष्य

(C) मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार

(D) पशुता बनाम मनुष्यता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-21.** "गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास" लोकोक्ति का सही अर्थ है

(A) आदर्शवादी

(B) चरित्र हीन

(C) यथार्थवादी

(D) सिद्धान्त हीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-22.** 'अपनाना' क्रिया किस सर्वनाम से बनी है ?

(A) संज्ञा से

(B) विशेषण से

(C) क्रिया से

(D) सर्वनाम से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-23.** 'र' का विवरण है

(A) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन

(B) पार्श्विक, सघोष, स्पर्श, अल्पप्राण व्यंजन

(C) वर्त्स्य, लुंठित, अघोष, महाप्राण व्यंजन

(D) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, महाप्राण व्यंजन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-24.** साधारण वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए ।

"सीता को देखते ही मुझे रीता की याद आ जाती है ।"

(A) जब मैं सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता की याद आ जाती है ।

(B) जब सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता क्यों याद आती है ?

(C) जब मैं सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता दिखाई देती है ।

(D) मैं सीता की ओर देखता हूँ और मुझे रीता की याद आ जाती है ।

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

**H-25.** प्रयत्न के आधार पर 'ल' किस प्रकार की ध्वनि है ?

(A) पार्श्विक

(B) संघर्षशील

(C) उत्क्षिप्त

(D) प्रकंपित

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-26.** 'निराकार' में उपसर्ग है

(A) निर्

(B) नि

(C) निरा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-27.** "कबीर वाणी के डिक्टेटर थे" इस वाक्य में किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है ?

(A) अल्प विराम

(B) पुनरुक्ति सूचक

(C) उद्धरण चिन्ह

(D) लाघव चिन्ह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-28.** "मैंने आम ले लिया है ।" का बहुवचन क्या होगा ?

(A) हमने आम ले लिये हैं ।

(B) मैंने आम लिए है ।

(C) मैंने आम ले लिये हैं ।

(D) हमने आम ले लिये ।

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-29.** छन्द पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं ?

(A) गति

(B) लय

(C) गण

(D) यति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-30.** जिस समास में दोनों पद प्रधान होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) द्वन्द्व समास

(B) बहुव्रीहि समास

(C) अव्ययी समास

(D) द्विगु समास

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART – II
## ( GENERAL STUDIES )

31. ज्वालामुखी क्रिया की अंतिम प्रतीक क्या हैं ?
(A) गेसर
(B) क्रेटर
(C) धुँआरे (वातिमुख)
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. एक विद्युत फ्यूज किस प्रभाव पर कार्य करता है ?
(A) विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव
(B) विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव
(C) विद्युत धारा का तापीय प्रभाव
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. बिहार का उग्र कृषक नेता कौन था ?
(A) राज कुमार शुक्ला
(B) स्वामी सहजानन्द सरस्वती
(C) राजेन्द्र प्रसाद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. 39 दर्जन आम बेचने पर एक विक्रेता को 13 दर्जन आम के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ होता है । उसके लाभ की प्रतिशतता क्या है ?
(A) 33%
(B) 50%
(C) 26%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. किसने कर की नई व्यवस्था के विरुद्ध शोषणकारी शक्तियों का विरोध किया ?
(A) 1856 में खानदेश की जनजातियों ने
(B) 1855-56 में बिहार के संथालियों ने
(C) 1850 में छोटानागपुर की जनजातियों ने
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. निम्नलिखित में से कौन-सा गर्म खून का प्राणी है ?
(A) दादुर (टोड)
(B) मगरमच्छ
(C) मछली
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. बंकिम चन्द्र चटर्जी के उपन्यास, 'आनन्दमठ' प्रकाशित किया गया था
(A) 1881 में
(B) 1882 में
(C) 1880 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. सूखी बर्फ है
(A) ठोस नाइट्रोजन
(B) ठोस ऑक्सीजन
(C) ठोस कार्बन डाईऑक्साइड
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** राष्ट्रीय उद्यान में सुरक्षा दी जाती है

(A) केवल जन्तुजात को

(B) सम्पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र को

(C) केवल पादपजात को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** लॉस एंजेलिस में आयोजित गोल्डन ग्लोब्स 2024 में सर्वाधिक अवार्ड किस फिल्म को मिला ?

(A) द फ्लॉवर मून

(B) द होल्डोवर्स

(C) ओपेनहाइमर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** ओजोन ($O_3$) के बारे में कुछ तथ्य हैं

(A) यह उच्च तरंगदैर्घ्य की विकिरणों को अवशोषित करती है

(B) यह वायुमण्डल की अत्यधिक स्थाई गैस है

(C) यह मध्यमण्डल में पाई जाती है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** बायोगैस का प्रमुख घटक कौन-सा है ?

(A) हाइड्रोजन सल्फाइड

(B) मिथेन

(C) हाइड्रोजन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** ग्रीनविच माध्य समय (जी.एम.टी.) से भारतीय मानक समय (आई.एस.टी.) कितना आगे रहता है ?

(A) 05½ घंटे

(B) 06 घंटे

(C) 05 घंटे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** पर्वतीय क्षेत्रों में पक्षियों के अधिकाधिक प्रजातियाँ किस जंगल में निवास करती है ?

(A) चीड़ के जंगल

(B) झाड़ियों के जंगल

(C) बाँज के जंगल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** 22 अप्रैल को मनाऐ जाने वाले पृथ्वी दिवस का सम्बन्ध है

(A) द्वितीय विश्व युद्ध का अन्त दिवस

(B) पृथ्वी ग्रह पर नाभिकीय हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध

(C) वातावरण से सम्बन्धित जनजागरूकता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. निम्न में से कौन-सा एक भूकम्प गम्भीर और विध्वंसकारी है ?

(A) ज्वालामुखीय भूकम्प

(B) भ्रंशमूलक भूकम्प

(C) प्लूटॉनिक भूकम्प

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. प्रथम गोल मेज सम्मेलन के समय भारत का गवर्नर-जनरल था

(A) लार्ड रीडिंग

(B) लार्ड लिनलिथगो

(C) लार्ड इरविन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. पाँच अंकों की छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसको क्रमशः 15, 30, 38, 40 से विभाजित करने पर सदैव 2 शेष बचता है ।

(A) 11398

(B) 11402

(C) 2282

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. शान्त घाटी (साइलेंट वैली) किस राज्य में स्थित है ?

(A) केरल

(B) मध्य प्रदेश

(C) छत्तीसगढ़

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. अम्लीय वर्षा के लिए प्रदूषक हैं

(A) $CO_2$

(B) जल वाष्प

(C) $SO_2$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. संघ इकाइनोडर्मेटा के लिए क्या सत्य है ?

(A) यह त्रिस्तरीय हैं और इनमें सीलोमिक गुहा होती है ।

(B) इनमें विशिष्ट जल संवहन नाल तन्त्र होता है ।

(C) यह विशेष रूप से मुक्त जीवी समुद्री जन्तु हैं ।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. निम्न में से कौन-सा नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है ?

(A) कोयला

(B) नाभिकीय ईंधन

(C) पेट्रोलियम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** निम्न में से कौन 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग (एस.आर.सी.) के सदस्य थे ?

(A) के. एम. पाणिकर

(B) हृदय नाथ कुंजरु

(C) फज़ल अली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सी अन्तःस्रावी ग्रन्थि नहीं है ?

(A) थायरॉइड

(B) पिट्यूटरी

(C) लैक्रिमल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** निम्नलिखित में से विषम को चुनिये ।

(A) मुम्बई

(B) सहारनपुर

(C) कोलकाता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** N, M का भाई है । K, M की बहन है । P, O का भाई है तथा O, N की बेटी है । P का चाचा कौन है ?

(A) M

(B) K

(C) N

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** बिल्किस बानो के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य वर्णित है ?

1. बिल्किस बानो ने 30 नवंबर 2022 को सर्वोच्च न्यायालय में समयपूर्व दोषियों के रिहाई को चुनौती दी ।
2. 23 अप्रैल 2019 को सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्किस बानो को गुजरात सरकार से 50 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया था ।
3. 8 जनवरी 2024 को सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दोषियों को समयपूर्व रिहाई करने संबंधी आदेश को रद्द कर दिया ।
4. न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयाँ ने निर्णय दिया ।

(A) केवल 2

(B) केवल 3

(C) केवल 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** 18 फरवरी 2024 को श्रीहरिकोटा से अंतरिक्ष में भेजे गए इन्सैट-3डीएस (INSAT-3DS) का प्रयोग निम्नलिखित के लिए किया जाएगा

(A) दूरसंचार के लिए

(B) पड़ोसी देशों के सैन्य गतिविधियों की जानकारी के लिए

(C) मौसम विज्ञान के क्षेत्र में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**59.** कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में 2016 में उप-चुनावों हेतु मतदान निम्न में से किस राज्य में निरस्त किया गया था ?

(A) तेलंगाना

(B) केरल

(C) तमिलनाडु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** पृथ्वी एवं सूर्य के बीच अधिकतम दूरी होती है

(A) अपसौर में

(B) उपसौर में

(C) ग्रीष्म संक्रांति में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** वायुमण्डल में ऑक्सीजन का बृहद एवं उच्च स्रोत है

(A) जंगल के पौधों के प्रकाश संश्लेषण से

(B) समुद्री पौधों के प्रकाश संश्लेषण से

(C) घास के मैदानों के पारिस्थितिक तंत्र के पौधों के प्रकाश संश्लेषण से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** $\frac{18}{(5+\sqrt{7})}+\frac{4}{(\sqrt{7}+\sqrt{3})}+\frac{1}{(\sqrt{3}+\sqrt{2})}+\frac{1}{(\sqrt{2}+1)}$ का मान है

(A) 4

(B) 3

(C) 5

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63.** लंदन में सर कर्ज़न-वायली की हत्या किसने की थी ?

(A) वी.डी. सावरकर

(B) उधम सिंह

(C) मदन लाल धिंगड़ा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** 'ऑपरेशन बर्गा' ने भारत की निम्न में से किस राज्य सरकार के लिये देश में संधारणीय समर्थन प्राप्त किया था ?

(A) पश्चिमी बंगाल में राज्य सरकार

(B) केरल में राज्य सरकार

(C) असम में राज्य सरकार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वानस्पतिक हार्मोन है ?

(A) साइटोकाइनिन


(B) इन्सुलिन

(C) एस्ट्रोजन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** नीचे दी गयी आकृति में कितने आयत हैं ?



(A) 9

(B) 12

(C) 8

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

67. वायुमण्डल अपनी अधिकतम ऊर्जा प्राप्त करती है

(A) दीर्घ पार्थिव विकिरण तरंगों से

(B) लघु पार्थिव विकिरण तरंगों से

(C) सूर्य से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. निम्नलिखित में से कौन-सा एक नीचे दिये गये शब्दों का एक अर्थपूर्ण क्रम प्रदर्शित करता है ?

1. साक्षात्कार
2. नियुक्ति
3. चयन
4. विज्ञापन
5. आवेदन

(A) 4, 5, 1, 2, 3

(B) 4, 5, 2, 1, 3

(C) 4, 5, 1, 3, 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की सबसे लम्बी नहर कहलाती है ?

(A) सेतु समुद्रम् जलयात्रा नहर

(B) शारदा नहर

(C) इन्दिरा गाँधी नहर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. एक घड़ी दोपहर 12:00 बजे चलना शुरू करती है । 05:00 बजकर 10 मिनट पर घण्टे की सुई घूम जायेगी

(A) 145°

(B) 155°

(C) 135°

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. मोहन उत्तर की तरफ 20 मीटर चला, तब बायें मुड़ा तथा 10 मीटर चला । फिर वह पुनः दायें मुड़ा तथा 20 मीटर चला । यहाँ से फिर वह दायें मुड़ा तथा 10 मीटर चला । अब वह अपने प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है ?

(A) 30 मीटर

(B) 40 मीटर

(C) 20 मीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. निम्न राष्ट्रीय उद्यानों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है ?

(A) गुइंडी – तमिलनाडु

(B) भगवान महावीर – बिहार

(C) बलपक्रम – मेघालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**73.** नीचे दिये गये चित्र में लुप्त मान (X) के स्थान पर विकल्पों में दी गयी संख्याओं में कौन-सी संख्या तर्क के आधार पर आयेगी ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 12 |
| 6 | 5 | 15 | 50 |
| 2 | 3 | 75 | X |

(A) 48

(B) 32

(C) 50

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** बंगाल के विभाजन को किसके कार्यकाल में वापिस लिया गया ?

(A) लार्ड मिन्टो

(B) लार्ड हार्डिंग

(C) लार्ड कर्ज़न

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** सोनार तकनीक का प्रयोग होता है

(A) पानी के नीचे पहाडियों का पता लगाने में

(B) हिम-शैल का पता लगाने में

(C) समुद्र की गहराई का पता लगाने में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** खाद्य शृंखला में कीटभक्षी पौधे के पौष्टिक स्तर का नाम है

(A) प्राथमिक उपभोक्ता

(B) द्वितीयक उपभोक्ता

(C) उत्पादक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** जिस प्रकार 'दुर्घटना' का सम्बन्ध 'सावधानी' से है, उसी प्रकार निम्नलिखित में से किस एक से 'बीमारी' सम्बन्धित है ?

(A) डाक्टर

(B) स्वच्छता

(C) प्रदूषण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** एक संख्या को 5% घटाया जाता है और फिर 10% बढ़ाया जाता है । इस प्रकार मूल संख्या से प्राप्त संख्या कितने प्रतिशत बढ़ती या घटती है ?

(A) 4% बढ़ती है

(B) 4.5% घटती है

(C) 4.5% बढ़ती है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

79. काँग्रेस समाजवादी दल की स्थापना हुई
(A) जून 1934 में
(B) जुलाई 1934 में
(C) मई 1934 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. 50 विद्यार्थियों की एक कक्षा में अविरत का क्रमांक 25 वाँ है । अन्त से उसका क्रमांक क्या होगा ?
(A) 26 वाँ
(B) 27 वाँ
(C) 25 वाँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. भारत के नए संसद भवन में सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(A) डी.एम.के. के 16 सांसद निलंबित हुये
(B) टी.एम.सी. के 13 सांसद निलंबित हुये
(C) काँग्रेस के 41 सांसद निलंबित हुये
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. महात्मा गाँधी के 'राजनीतिक गुरु' कौन थे ?
(A) दादाभाई नौरोजी
(B) फिरोजशाह मेहता
(C) गोपाल कृष्ण गोखले
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. मृदा का पलवार करना सम्बन्धित है
(A) खरपतवार को बढ़ने से रोकने से
(B) मृदा की उर्वरकता एवं स्वास्थ्य की बढ़ोत्तरी से
(C) मृदा की नमी को बनाए रखने से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. दिया गया है कि $\sqrt{4489} = 67$,
तो $\sqrt{44.89} + \sqrt{0.4489} + \sqrt{0.004489} + \sqrt{0.00004489}$
का मान क्या होगा ?
(A) 74.437
(B) 744.37
(C) 7.4437
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. देश में मतदाता सत्यापित कागज़ लेखापरीक्षण विचारण (वी.वी.पी.ए.टी.) निम्न में से किस वर्ष अस्तित्व में आया ?
(A) 2013
(B) 2014
(C) 2012
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

86. निम्न में से कौन भारतवर्ष के प्रथम निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से निर्वाचित राष्ट्रपति हुये थे ?

(A) नीलम संजीव रेड्डी

(B) डॉ. राधाकृष्णन

(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

87. मानव आँख की फोकस दूरी में परिवर्तन निम्नलिखित में से किसके कारण होता है ?

(A) प्यूपिल

(B) कॉर्निया

(C) सिलियरी मसल्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा एक शब्द 'CARPENTER' शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है ?

(A) PAINTER

(B) CARPET

(C) REPENT

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. किस नदी के किनारे को पश्चिम बंगाल सरकार टी पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है ?

(A) हुगली

(B) ब्रह्मपुत्र

(C) गंगा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. उस नियम का अनुसरण करके, विकल्पों में से दिए समुच्चयों में उस विकल्प को चुनिये जो नियम दिये हुये समुच्चय (6, 18, 54) में किया गया है ।

(A) (15, 45, 135)

(B) (20, 30, 40)

(C) (12, 24, 72)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. सरल ब्याज की किस दर से कोई धनराशि 24 वर्षों में अपनी सात गुनी हो जाती है ?

(A) 24% वार्षिक

(B) 25% वार्षिक

(C) 22% वार्षिक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. यदि बीते हुए कल से पहले का दिन सोमवार था, तो आने वाले कल का अगला दिन क्या होगा ?

(A) शुक्रवार

(B) शनिवार

(C) बुधवार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

93. निम्न में से कौन-सा दक्षिण से उत्तर की ओर हिमालयन पर्वतमालाओं का सही क्रम है ?

(A) लद्दाख – ज़ास्कर – पीर पंजाल – काराकोरम

(B) पीर पंजाल – ज़ास्कर – लद्दाख – काराकोरम

(C) काराकोरम – लद्दाख – ज़ास्कर – पीर पंजाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. निम्नलिखित में से किसमें टंगस्टन का प्रयोग किया जाता है ?

(A) धातु निष्कर्षण

(B) विद्युत बल्ब

(C) कुचालक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. 1. आदित्य एल1 लैग्रेंज प्वॉइंट – 1 पर 6 जनवरी 2024 को पहुँच गया ।

2. इसमें सात पेलोड लगे हुए हैं ।

3. आदित्य एल1 में यान के डेक पर एक मैग्नेटोमीटर लगा हुआ है ।

4. आदित्य एल1 में विजिबल एमिशन लाइन कोरोनोग्राफ प्रतिदिन 1440 फोटो पृथ्वी पर भेजेगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा सत्य है ?

(A) केवल 2

(B) केवल 3

(C) केवल 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. यदि 6 * 7 = 2, 3 * 5 = 5, 5 * 8 = 0, तब 6 * 8 का मान क्या होगा ?

(A) 4

(B) 8

(C) 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. किसी चिड़ियाघर के दैनिक दर्शनार्थियों की संख्या रविवार को 680 तथा अन्य दिनों में 332 है । यदि किसी 30 दिवसीय महीने का पहला दिन रविवार हो, तो उस महीने में चिड़ियाघर के दैनिक दर्शनार्थियों की औसत संख्या क्या होगी ?

(A) 390

(B) 396

(C) 385

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. शीत ऋतु में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा होने का कारण है

(A) लौटते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून

(B) दक्षिण-पश्चिम मानसून

(C) पश्चिमी विक्षोभ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**99.** नीचे दी गयी शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर विकल्पों में दी गयी संख्याओं में कौन-सी एक संख्या आयेगी ?

17, 27, 38, 50, 63, ?

(A) 81

(B) 83

(C) 77

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** बाढ़ को रोकने के लिए सबसे उत्तम विधि है

(A) चराई

(B) वनरोपण

(C) वनोन्मूलन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**101.** निम्न में से कुल कितने लोग 26 जनवरी 1950 से 2024 के प्रारम्भ तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं ?

(A) केवल 23 लोग

(B) केवल 25 लोग

(C) केवल 21 लोग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** उस वृत्ताकार मैदान के व्यास की लम्बाई क्या है जिसका क्षेत्रफल 8 m त्रिज्या के एक वृत्त के क्षेत्रफल और $36\pi m^2$ क्षेत्रफल वाले त्रिभुज के क्षेत्रफलों के योग के बराबर है ?

(A) 15 m

(B) 20 m

(C) 10 m

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** रेगिस्तान में पाये जाने वाले जन्तु कहलाते हैं

(A) डेजर्टीकोलस

(B) डेजर्टीमेलिया

(C) डेजर्टीमल्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** बिहार में बिहार जाति सर्वेक्षण, 2023 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य उजागर हुआ है ?

(A) उच्च जाति 15.52%

(B) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति 21.33%

(C) पिछड़ी जाति 63.14%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**105.** दिल्ली के लाल किले में आज़ाद हिन्द फौज का प्रसिद्ध मुकदमा हुआ

(A) 1945 में

(B) 1946 में

(C) 1944 में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** $a^3 + b^3 + c^3 - 3abc$ को $a + b + c$ से भाग देने पर प्राप्त भागफल है

(A) $a^2 + b^2 + c^2 - bc - ca + ab$

(B) $a^2 + b^2 + c^2 + bc + ca + ab$

(C) $a^2 + b^2 + c^2 - bc - ca - ab$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** पाँच लड़के एक पंक्ति में उत्तर की तरफ मुँह करके बैठे हुये हैं । P, Q के दायें है । T, Q के बायें लेकिन R के दायें है । यदि P, S के बायीं तरफ है, तो उन सब में मध्य में कौन है ?

(A) R

(B) Q

(C) S

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** भारत और जापान द्वारा संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 फरवरी 2024 को राजस्थान के महाजन क्षेत्र में आयोजित किया गया । उस संयुक्त सैन्य अभ्यास का नाम था

(A) अटल गार्डियन 2024

(B) नागासाकी गार्डियन 2024

(C) धर्म गार्डियन 2024

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** निम्न में से किस फसल को नदी में नहीं उगाया जा सकता ?

(A) सिंघाड़ा

(B) कमल

(C) मखाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** हिन्दी, अंग्रेजी और गणित विषयों की एक परीक्षा में पूर्णांक क्रमश: 120, 140 और 100 हैं । एक छात्र इन विषयों में क्रमश: 40%, 55% और 45% अंक प्राप्त करता है । वह विज्ञान विषय, जिसके पूर्णांक 180 हैं, में कितने अंक प्राप्त करें कि सभी चारों विषयों में प्राप्तांकों की संयुक्त प्रतिशतता 60% हो जाए ?

(A) 156

(B) 160

(C) 154

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ P.T.O.



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

111. पद्मश्री उषाकिरण खान की निम्नलिखित उपलब्धियाँ थी :

1. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2010
2. भारत भारती 2019
3. मैथिली-कांचहि बांस
4. हिन्दी-अनुत्तरित प्रश्न

(A) केवल 2
(B) केवल 1
(C) केवल 3
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

112. निम्न में से कौन भारत के प्रधानमंत्री थे, जब 73 वाँ एवं 74 वाँ संविधान संशोधन अस्तित्व में आये ?

(A) पी. वी. नरसिंह राव
(B) एच. डी. देवेगौड़ा
(C) चन्द्र शेखर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. रासायनिक भाषा में मोरचा (जंग) क्या है ?

(A) हाइड्रेटेड फेरिक ऑक्साइड
(B) हाइड्रेटेड फेरस ऑक्साइड
(C) केवल फेरिक ऑक्साइड
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. अंग्रेजी वर्णमाला में P का विपरीत अक्षर कौन-सा है ?

(A) K
(B) N
(C) L
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

115. भारत के किस राज्य में सर्वाधिक सागवान के जंगल पाये जाते हैं ?

(A) बिहार
(B) कर्नाटक
(C) मध्यप्रदेश
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

116. लाइकेन्स में शैवाल एवं कवक का रिश्ता पारिस्थितिकी में कहलाता है

(A) सहभोजिता
(B) आद्यसहयोग
(C) सहोपकारिता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

117. एक आयत का क्षेत्रफल 30 $cm^2$ है और परिमाप 26cm है । इसकी लम्बाई (cm में) है

(A) 8
(B) 10
(C) 6
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp⁺ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

118. कौन-से लक्षण किसी पादप को जलोद्भिद बनाते हैं ?

(A) यांत्रिक ऊतक का अभाव

(B) वायूतक की उपस्थिति

(C) सुविकसित संवहन तंत्र की उपस्थिति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

119. इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने संपूर्ण भारत में भाषा सर्वेक्षण कर भाषा एटलस बनाया है । यह केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त निकाय हैं । भारत के भाषा एटलस से क्या अभिप्राय है ?

(A) भारत का नस्लीय मानचित्र

(B) यह भारत का एक लैंग्वेज मैपिंग प्रोजेक्ट है

(C) भारत का प्राकृतिक मानचित्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

120. वाहनों के साइडों में ट्रेफिक देखने के लिए किस प्रकार के दर्पण का प्रयोग होता है ?

(A) अवतल

(B) समतल

(C) उत्तल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

121. भारतवर्ष तथा उसके पड़ोसियों से संबंध के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) भारत की विदेश नीति शान्ति एवं अहिंसा पर आधारित है ।

(B) पंचशील सिद्धान्त शान्ति हेतु भारत के दृढ़ निश्चय का परिणाम है ।

(C) भारत गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के संस्थापकों में से एक है ।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

122. कारगिल किस नदी के किनारे पर स्थित है ?

(A) सुरु नदी

(B) झेलम नदी

(C) सिंधु नदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

123. A किसी काम को 15 दिन में पूरा करता है, B उसी काम को 8 दिन में पूरा करता है जबकि B और C मिलकर उस काम को 4 दिन में पूरा करते हैं । यदि A और C मिलकर उस काम को x दिन में पूरा करते हैं जबकि A और B मिलकर उसे y दिन में पूरा करते हैं, तो $\frac{x}{y}$ का मान क्या है ?

(A) 1

(B) $1\frac{1}{2}$

(C) $\frac{1}{2}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

124. प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारतीय राष्ट्र के आधारभूत मूल्यों एवं उद्देश्यों को चुनौती देने वाले निम्न में से किन मुद्दों का सामना किया था ?

(A) सामाजिक एवं आर्थिक रूपान्तर हेतु अन्न की कमी

(B) 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध

(C) दक्षिण में हिंदी विरोधी आलोड़न

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

125. किन देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने निजी कंपनियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा आयोजित करने की अनुमति दी है ?

(A) भूटान, नेपाल, सिंगापुर

(B) गुयाना, बुरून्डी, पराग्वे

(C) तुर्की, स्वीडन, इटली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

126. हवा की गुणवत्ता एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण में SPM प्रयोग होता है। SPM से तात्पर्य है

(A) दृढ़ीकृत कणिका तत्व

(B) निलम्बित कणिका तत्व

(C) घुलनशील कणिका तत्व

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

127. निम्नलिखित में से कौन-सी एक खाद्य शृंखला है ?

(A) घास, हरिण और बाघ

(B) घास, मछली और गाय

(C) घास, खरगोश और हाथी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

128. बिहार में वहाबियों की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र कौन-सा था ?

(A) जगदीशपुर

(B) चम्पारण

(C) पटना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. प्राचीन भारतीय धातुकर्म का आश्चर्य लौह स्तम्भ स्थित है

(A) पूणे में

(B) दिल्ली में

(C) लखनऊ में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

130. भारतवर्ष में सम्पूर्ण आर्थिक उदारीकरण निम्न में से किस वर्ष प्रारम्भ हुआ था ?

(A) 1991 के पश्चात

(B) 2001 के पश्चात

(C) 1981 के पश्चात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

131. ब्रह्म समाज का प्रभाव मुख्यत: सीमित था

(A) ग्रामीण बंगाल

(B) दोनों ग्रामीण और शहरी शिक्षित वर्ग

(C) शहरी शिक्षित वर्ग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. एक कूट भाषा में 'PROBLEM' को 'MPERLOB' लिखा जाता है । उसी कूट भाषा में आप 'NUMBERS' को कैसे लिखेंगे ?

(A) SNRUEBM

(B) SRUNEMB

(C) SNRUEMB

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

133. निम्नलिखित में से कौन-सा 3 मई 2023 से मणिपुर में जाति हिंसा का महत्वपूर्ण कारण था ?

(A) कूकी समुदाय के लिए आरक्षित नौकरियों में मैतेई समुदाय को हिस्सा दिया जाना

(B) मैतेई समुदाय के पास संसाधनों की कमी

(C) मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिया जाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. हमारे राष्ट्र को मुख्यत: राष्ट्रवाद के आधार पर निर्मित करने की राजनीतिक प्रवृत्ति का नेतृत्व भारत में निम्न में से किस राजनीतिक दल द्वारा किया जाता है ?

(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

(B) भारतीय जनता पार्टी

(C) समाजवादी दल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

135. एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लम्बाइयाँ 2a और 2b हैं । इसका परिमाप है

(A) $2\sqrt{a^2+b^2}$

(B) 4ab

(C) $4\sqrt{a^2+b^2}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

136. 24 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कच्छ की खाड़ी क्षेत्र में द्वारका को जोड़ने के लिए किस सेतु का उद्घाटन किया गया ?

(A) कच्छ सेतु

(B) सुदर्शन सेतु

(C) द्वारका सेतु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

137. एक खाद्य शृंखला में कौन-से पोषक स्तर का ऊर्जा स्तर सबसे अधिक है ?

(A) पोषक स्तर के प्रथम उपभोक्ता

(B) उच्चतम पोषक स्तर के उपभोक्ता

(C) उत्पादक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

138. निम्नलिखित में से कौन नीले लिटमस को लाल में बदल देगा ?

(A) वाशिंग सोडा का घोल

(B) सिरका

(C) बेकिंग सोडा का घोल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. भारत देश की अधिकतम अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है

(A) पाकिस्तान के साथ

(B) नेपाल के साथ

(C) बांगलादेश के साथ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. निम्न में से बिहार में सबसे पुरानी नदी घाटी परियोजना कौन-सी है ?

(A) दामोदर नदी घाटी परियोजना

(B) सोन नदी घाटी परियोजना

(C) कोसी नदी घाटी परियोजना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

141. समीकरणों $2x + 3y = 77$ और $3x + 2y = 78$ को सन्तुष्ट करने वाले x और y के मान क्रमशः हैं

(A) 12 और 18

(B) 11 और 19

(C) 13 और 17

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

142. निम्न में से किस संविधान संशोधन ने भारत न्यायपालिका को संसद के अधीन बना दिया है ?

(A) 42 वें संविधान संशोधन ने

(B) 43 वें संविधान संशोधन ने

(C) 40 वें संविधान संशोधन ने

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

143. किस क्षेत्र को चीन अपना ''पवित्र क्षेत्र'' होने का दावा करता है ?

(A) तिब्बत

(B) ताइवान

(C) मकाऊ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

144. छितरे हुए वृक्षों वाले घास के मैदान कहलाते हैं

(A) सवाना

(B) कृषिवन

(C) वर्षा वन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

145. 1885 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना किसने की थी ?

(A) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

(B) गोपाल कृष्ण गोखले

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

146. $\frac{2\{(467+359)^2 - 2\times 467\times 359\}}{(467)^2+(359)^2}$ का मान है

(A) 2

(B) 3

(C) 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

147. भारत के संविधान की प्रस्तावना न्याय की गारंटी देती है । इसका तात्पर्य है कि भारत अपने जनमानस को अनुमति देता है

(A) अपने प्रतिनिधियों के निर्वाचन की

(B) कुछ मूल अधिकार रखने की

(C) निर्णय निर्माण में भागीदारी की

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

148. भारत के किस उत्तर-पूर्वी राज्य में जनजातीय जनसंख्या की अधिकतम सकेन्द्रण है ?

(A) नागालैण्ड

(B) मिज़ोरम

(C) मेघालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

149. उल्टे एवं सीधे दोनों प्रकार के पारिस्थितिक पिरामिड किसमें पाये जाते हैं ?

(A) संख्या का पिरामिड

(B) जीवभार का पिरामिड

(C) ऊर्जा का पिरामिड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

150. मुंबई और नई मुंबई को जोड़ने वाले अटल सेतु की कुल लंबाई कितने किलोमीटर है ?

(A) 21.5 किलोमीटर

(B) 21.8 किलोमीटर

(C) 21.3 किलोमीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

SEAL

Prepp
Your Personal Exams Guide

पुस्तिका शृंखला

**10/PV-AC/M-2024**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**E**

## प्रश्न–पुस्तिका

# भाषा एवं सामान्य अध्ययन

**समय : 2:30 घण्टे** **पूर्णांक : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भागों में विभाजित है, **भाग–I** एवं **भाग–II** । **भाग–I** में **भाषा** (अर्हता) के प्रश्न तथा **भाग–II** में **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं **भाग–I** में **अंग्रेजी भाषा** के प्रश्न हैं, जो सभी परीक्षार्थियों के लिए समान हैं तथा तीनों भाषाओं– हिन्दी भाषा, उर्दू भाषा तथा बांग्ला भाषा के प्रश्न हैं । **तीनों भाषाओं में से किसी एक भाषा के प्रश्न को चुनें** ।
2. **भाग – I** में प्रश्न संख्या **1** से **30** तक प्रश्न हैं । **भाग–I** में **अंग्रेजी भाषा** में प्रश्न संख्या **E-1** से **E-8** तक (सभी के लिए समान), **हिन्दी भाषा** में प्रश्न संख्या **H-9** से **H-30** तक, **उर्दू भाषा** में प्रश्न संख्या **U-9** से **U-30** तक, **बांग्ला भाषा** में प्रश्न संख्या **B-9** से **B-30** तक हैं । **भाग–II** में प्रश्न संख्या **31** से **150** तक **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं (प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं) ।
3. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है । **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखे एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा ।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित शृंखला समान है । कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 54 और 55) सहित पूरे 56 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है । पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रिका ले लें ।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें । प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें ।
7. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं । प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर — (A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं । उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें । आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा ।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ । प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है । प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें । आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा । **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें । किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है ।**
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है । प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें । **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है ।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है ।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें ।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

Prepp+ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

SEAL